**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**

**18.12.2024 के**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3861 का उत्तर**

**गति शक्ति विश्वविद्‌यालय**

**3861. डॉ. हेमांग जोशी:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क)** **क्या गति शक्ति विश्वविद्‌यालय को परिवहन क्षेत्र से संबंधित विविध विषयों में उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण, अनुसंधान और कौशल विकास प्रदान करने का अधिदेश दिया गया है;**

**(ख)** **क्या विश्वविद्‌यालय द्‌वारा एयरबस के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन से कोई शैक्षणिक लाभ हुए हैं;**

**(ग)** **यदि हां, तो इस समझौता ज्ञापन से पाठ्‌यक्रमों के संचालन में किस प्रकार सहायता होगी; और**

**(घ)** **इस समझौता ज्ञापन से देश का परिवहन क्षेत्र किस प्रकार लाभान्वित होगा?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्‌योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (घ): गति शक्ति विश्वविद्‌यालय (जीएसवी) एक केंद्रीय विश्वविद्‌यालय है, जिसका उद्‌देश्य परिवहन और संभार-तंत्र क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए अति आवश्यक कौशल विकास हेतु उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है।**

**विश्वविद्‌यालय ने सितंबर, 2023 में एयरबस के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता ज्ञापन ऐरोस्पेस और विमानन क्षेत्र के लिए शैक्षणिक पाठ्‌यक्रम के विकास, इन पाठ्‌यक्रमों के संचालन के लिए संकाय सहायता, अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा**

जगत से जुड़ने, संयुक्त अनुसंधान और संगोष्ठी, कार्यशालाओं आदि जैसे संयुक्त कार्यक्रमों के आयोजन पर केंद्रित है। इसके अलावा, समझौता ज्ञापन गति शक्ति विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए एयरबस विशेषज्ञों द्वारा उद्योग के अनुभव और प्रशिक्षण, संकाय, छात्रों और प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए संस्थागत आदान-प्रदान, मेधावी और जरूरतमंद छात्रों के लिए छात्रवृत्ति को बढ़ावा देता है।

समझौता ज्ञापन की भावना के अनुरूप, गति शक्ति विश्वविद्यालय ने अपने नए शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से "बी.टेक एविएशन इंजीनियरिंग" नाम से एक नया पाठ्यक्रम शुरू किया है, जो विमानन उद्योग की जरूरतों के अनुरूप है।

गति शक्ति विश्वविद्यालय ने शिक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, प्लेसमेंट और संयुक्त कार्यक्रमों आदि जैसे प्रासंगिक विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई प्रमुख विश्वविद्यालयों, उद्योग और सरकारी विभागों आदि के साथ समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं; जिनका विवरण निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | संगठन |
|---|---|
| 1 | लुचिनी आरएस एस.पी.ए., इटली |
| 2 | मोनाश विश्वविद्यालय |
| 3 | भारतीय वायु सेना |
| 4 | भारतीय सेना |
| 5 | जापान ट्रांसपोर्ट एंड टूरिज्म रिसर्च इंस्टीट्यूट |
| 6 | रेलटेल कॉर्पोरेशन |
| 7 | इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स |
| 8 | गुजरात इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड |
| 9 | एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसपोर्ट डेवलपमेंट |
| 10 | महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय बड़ौदा |
| 11 | जैकब |
| 12 | नोकिया |
| 13 | प्लासर इंडिया |
| 14 | जीएसएफसी विश्वविद्यालय, वडोदरा |
| 15 | चार्टर्ड इंस्टीट्यूट ऑफ लॉजिस्टिक एंड ट्रांसपोर्ट |
| 16 | वीएलएसआई सोसाइटी ऑफ इंडिया |
| 17 | पीटरसबर्ग स्टेट ट्रांसपोर्ट यूनिवर्सिटी, रूस |
| 18 | राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल |

| | |
|---|---|
| 19 | कर्मयोगी भारत |
| 20 | दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन |
| 21 | निप्पॉन कोइ |
| 22 | बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एंड साइंस, पिलानी |
| 23 | इंडियन मेरीटाइम युनिवर्सिटी |
| 24 | उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग |
| 25 | आईआईएम मुंबई |
| 26 | एयरबस |
| 27 | आईआईटी गांधीनगर |
| 28 | आईआईटी जोधपुर |
| 29 | चेतक फाउंडेशन |

*****